भारत सरकार

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय

(युवा कार्यक्रम विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3716

उत्तर देने की तारीख 16 मार्च, 2026

25 फाल्गुन, 1947 (शक)

युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम

3716. श्री योगेन्द्र चांदोलिया :
श्री सुधीर गुप्ताः
कैप्टन बृजेश चौटा:
श्री जुगल किशोर:
श्री लावू श्रीकृष्णा देवरायालूः
श्री चव्हाण रविन्द्र वसंतराव :
श्री धैर्यशील संभाजीराव माणे:
श्री मनीष जायसवाल:
श्री चन्द्र प्रकाश चौधरी:
श्री रवीन्द्र शुक्ला उर्फ रवि किशन:
श्री खगेन मुर्मुः
श्री लुम्बाराम चौधरी:
श्री रोडमल नागर:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मेरा युवा भारत पहल के अंतर्गत युवा आदान-प्रदान कार्यक्रमों के कार्यान्वयन की वर्तमान स्थिति क्या है और गत दो वर्षों के दौरान राज्य / संघ राज्यक्षेत्र-वार और विशेषकर आंध्र प्रदेश में आयोजित अंतर-राज्यीय, जिला स्तरीय और अंतर-राज्यीय आदान-प्रदान कार्यक्रमों की संख्या कितनी है;

(ख) नेतृत्व विकास, राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक जागरूकता तथा युवाओं की भागीदारी सहित उक्त आदान-प्रदान कार्यक्रमों के उद्देश्यों और विषयगत फोकस क्षेत्रों का राज्य / संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है, जिसमें आंध्र प्रदेश भी शामिल;

(ग) उक्त कार्यक्रमों के अंतर्गत गत दो वर्षों के दौरान राज्य / संघ राज्यक्षेत्रवार वित्तीय आवंटन और व्यय का ब्यौरा क्या है और आंध्र प्रदेश में कितनी निधि आवंटित और उपयोग की गई है;

(घ) क्या सरकार का उक्त पहल के दायरे को अतिरिक्त जिलों तक विस्तारित करने का विचार है, जिसमें आकांक्षी जिले और सामाजिक एवं शैक्षणिक रूप से पिछड़े जिले शामिल हैं और जिनमें आंध्र प्रदेश और जालोर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र का सिरोही जिला भी शामिल है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) वर्तमान में आंध्र प्रदेश राज्य सहित देश भर में मेरा युवा भारत (माय भारत) द्वारा कार्यान्वित युवा आदान-प्रदान कार्यक्रमों में निम्नलिखित शामिल हैं:

- अंतर-जिला युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम (आईडीवाईईपी)
- अंतर-राज्यीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम (आईएसवाईईपी)

इसके अलावा, गृह मंत्रालय के सहयोग से माय भारत निम्नलिखित कार्यक्रम आयोजित करता है:

- जनजातीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम (टीवाईईपी)
- कश्मीरी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम (केवाईईपी)

वर्ष 2023-24 के दौरान, युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम माय भारत वार्षिक कार्य योजना का हिस्सा नहीं थे। तथापि, वित्त वर्ष 2024-25 में, अंतर-राज्यीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम (आईएसवाईईपी) और अंतर-जिला युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम (आईडीवाईईपी) को माय भारत वार्षिक कार्य योजना में शामिल किया गया था।

वित्त वर्ष 2023-24 और वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान गृह मंत्रालय के सहयोग से माय भारत ने जनजातीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम (टीवाईईपी) और कश्मीरी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम (केवाईईपी) भी लागू किया।

वित्तीय वर्ष 2023-24 और वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान आंध्र प्रदेश सहित आयोजित अंतर-जिला, अंतर-राज्य, जनजातीय युवा और कश्मीरी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रमों का राज्य / संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण क्रमशः अनुबंध-1, अनुबंध-2, अनुबंध-3 और अनुबंध-4 में दिया गया है.

(ख) आंध्र प्रदेश सहित देश भर में माय भारत द्वारा संचालित युवा आदान-प्रदान कार्यक्रमों के उद्देश्य और विषयगत फोकस क्षेत्र निम्नानुसार हैं:

(i) **अंतर-जिला युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम (आईडीवाईईपी):** इस कार्यक्रम का उद्देश्य विभिन्न जिलों के युवाओं के बीच विचारों, ज्ञान और अनुभवों के आदान-प्रदान को बढ़ावा देना है, साथ ही उन्हें मेजबान जिले की परंपराओं, रीति-रिवाजों और सांस्कृतिक विरासत को समझने और सराहना करने में सक्षम बनाना है। यह युवाओं के बीच सार्थक बातचीत और सहयोग को भी बढ़ावा देता है।

(ii) **अंतर-राज्य युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम (आईएसवाईईपी):** इस कार्यक्रम का उद्देश्य विभिन्न राज्यों के युवाओं के बीच राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और आपसी समझ को बढ़ावा देना है। यह एक्सपोजर दौरा, भाषा सीखने, व्यंजनों को साझा करने, सांस्कृतिक गतिविधियों और सर्वोत्तम प्रथाओं के आदान-प्रदान के माध्यम से संवाद बढ़ाता है।

(iii) **जनजातीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम (टीवाईईपी):** इस कार्यक्रम का उद्देश्य वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) प्रभावित क्षेत्रों के जनजातीय युवाओं को देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के बारे में संवेदनशील बनाना, विविधता में एकता की भावना को बढ़ावा देना, उन्हें विकास गतिविधियों से अवगत कराना और जीवन कौशल बढ़ाने के साथ-साथ करियर परामर्श के अवसर प्रदान करना है।

(iv) **कश्मीरी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम (केवाईईपी):** इस कार्यक्रम का उद्देश्य कश्मीर घाटी के युवाओं को देश के अन्य हिस्सों में तकनीकी और औद्योगिक प्रगति से अवगत कराना है, साथ ही विकास पहलों, कौशल विकास के अवसरों, शिक्षा और रोजगार के अवसरों के बारे में जागरूकता पैदा करना है।

आंध्र प्रदेश सहित राज्य / संघ राज्य क्षेत्र-वार भागीदारी का विवरण अनुबंध-1, अनुबंध -2, अनुबंध -3 और अनुबंध -4 में दिया गया है।

(ग) वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान आंध्र प्रदेश राज्य सहित अंतर-जिला और अंतर-राज्य युवा आदान-प्रदान कार्यक्रमों के तहत किए गए वित्तीय आवंटन और व्यय का राज्य / संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण अनुबंध -5 में दिया गया है। साथ ही, चूंकि युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान माय भारत वार्षिक कार्य योजना का हिस्सा नहीं थे, इसलिए युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम आयोजित करने के लिए फील्ड कार्यालयों को कोई धनराशि प्रदान नहीं की गई थी।

(घ) वर्तमान में ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

(ङ) प्रश्न नहीं उठता।

*****

अनुबंध-1

युवा आदान प्रदान कार्यक्रम के संबंध में लोक सभा के माननीय सदस्य श्री योगेन्द्र चांदोलिया श्री सुधीर गुप्ता, कैप्टन बृजेश चौटा, श्री जुगल किशोर, श्री लावू श्रीकृष्णा देवरायालू, श्री चव्हाण रविन्द्र वसंतराव, श्री धैर्यशील संभाजीराव माणे, श्री मनीष जायसवाल, श्री चन्द्र प्रकाश चौधरी, श्री रवीन्द्र शुक्ला उर्फ रवि किशन, श्री खगेन मुर्मु, श्री लुम्बाराम चौधरी, श्री रोडमल नागर द्वारा दिनांक 16.03.2026 के लिए पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 3716 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध।

वर्ष 2024-25 के दौरान आयोजित अंतर जिला युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम (आईडीवाईईपी):

क्र.सं.	राज्य	आयोजित कार्यक्रमों की संख्या	प्रतिभागियों की संख्या
1	आंध्र प्रदेश	4	100
2	अरुणाचल प्रदेश	2	50
3	असम	2	50
4	बिहार	6	148
5	छत्तीसगढ़	4	102
6	गुजरात	6	150
7	हरियाणा	2	47
8	हिमाचल प्रदेश	2	54
9	झारखंड	4	105
10	कर्नाटक	6	154
11	केरल	4	100
12	मध्य प्रदेश	6	148
13	महाराष्ट्र	6	150
14	ओडिशा	4	100
15	पंजाब	2	52
16	राजस्थान	8	200
17	तमिलनाडु	4	100
18	तेलंगाना	2	55
19	उत्तर प्रदेश	9	231
20	उत्तराखंड	2	51
21	पश्चिम बंगाल	4	100
	कुल योग	**89**	**2247**

अनुबंध-2

युवा आदान प्रदान कार्यक्रम के संबंध में लोक सभा के माननीय सदस्य श्री योगेन्द्र चांदोलिया श्री सुधीर गुप्ता, कैप्टन बृजेश चौटा, श्री जुगल किशोर, श्री लावू श्रीकृष्णा देवरायालू, श्री चव्हाण रविन्द्र वसंतराव, श्री धैर्यशील संभाजीराव माणे, श्री मनीष जायसवाल, श्री चन्द्र प्रकाश चौधरी, श्री रवीन्द्र शुक्ला उर्फ रवि किशन, श्री खगेन मुर्मु, श्री लुम्बाराम चौधरी, श्री रोडमल नागर द्वारा दिनांक 16.03.2026 के लिए पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 3716 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध।

वर्ष 2024-25 के दौरान आयोजित अंतरराज्यीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम (आईएसवाईईपी):

क्र.सं.	राज्य	आयोजित कार्यक्रमों की संख्या	प्रतिभागियों की संख्या
1	आंध्र प्रदेश	2	53
2	अरुणाचल प्रदेश	2	50
3	असम	2	50
4	बिहार	2	48
5	चंडीगढ़	1	25
6	छत्तीसगढ़	2	50
7	दादर नगर हवेली और दमन एवं दीव	1	27
8	दिल्ली	2	50
9	गोवा	2	50
10	गुजरात	2	49
11	हरियाणा	2	46
12	हिमाचल प्रदेश	2	53
13	जम्मू और कश्मीर	2	50
14	झारखंड	2	53
15	कर्नाटक	2	50
16	केरल	2	49
17	मध्य प्रदेश	2	52
18	महाराष्ट्र	2	52
19	मेघालय	2	50
20	मिज़ोरम	1	24
21	नागालैंड	2	54
22	ओडिशा	2	45
23	पंजाब	1	24
24	राजस्थान	2	50
25	सिक्किम	2	50

26	तमिलनाडु	1	25
27	तेलंगाना	2	50
28	त्रिपुरा	2	51
29	उत्तर प्रदेश	3	75
30	उत्तराखंड	2	51
31	पश्चिम बंगाल	2	41
	कुल योग	**58**	**1447**

अनुबंध-3

युवा आदान प्रदान कार्यक्रम के संबंध में लोक सभा के माननीय सदस्य श्री योगेन्द्र चांदोलिया श्री सुधीर गुप्ता, कैप्टन बृजेश चौटा, श्री जुगल किशोर, श्री लावू श्रीकृष्णा देवरायालू, श्री चव्हाण रविन्द्र वसंतराव, श्री धैर्यशील संभाजीराव माणे, श्री मनीष जायसवाल, श्री चन्द्र प्रकाश चौधरी, श्री रवीन्द्र शुक्ला उर्फ रवि किशन, श्री खगेन मुर्मु, श्री लुम्बाराम चौधरी, श्री रोडमल नागर द्वारा दिनांक 16.03.2026 के लिए पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 3716 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध।

वर्ष 2023-24 और 2024-25 के दौरान आयोजित जनजातीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम:

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	2023-24		2024-25	
		आयोजित कार्यक्रमों की संख्या	प्रतिभागियों की संख्या	आयोजित कार्यक्रमों की संख्या	प्रतिभागियों की संख्या
1	आंध्र प्रदेश	1	179	1	200
2	चंडीगढ़	1	200	1	200
3	दिल्ली	3	600	3	600
4	गुजरात	2	400	2	400
5	हरियाणा	1	200	1	199
6	जम्मू और कश्मीर	1	200	राज्य में इस अवधि के दौरान कार्यक्रम आवंटित नहीं किया गया था	
7	कर्नाटक	2	400	2	400
8	केरल	1	200	2	398
9	मध्य प्रदेश	1	200	राज्य में इस अवधि के दौरान कार्यक्रम आवंटित नहीं किया गया था	
10	महाराष्ट्र	4	799	4	793
11	ओडिशा	1	200	1	200
12	राजस्थान	1	199	1	200
13	तमिलनाडु	1	198	1	200
14	तेलंगाना	1	200	1	199
15	उत्तर प्रदेश	2	398	3	598
16	उत्तराखंड	1	198	राज्य में इस अवधि के दौरान कार्यक्रम आवंटित नहीं किया	

				गया था	
17	पश्चिम बंगाल	1	200	1	200
	कुल	**25**	**4971**	**24**	**4787**

अनुबंध-4

युवा आदान प्रदान कार्यक्रम के संबंध में लोक सभा के माननीय सदस्य श्री योगेन्द्र चांदोलिया श्री सुधीर गुप्ता, कैप्टन बृजेश चौटा, श्री जुगल किशोर, श्री लावू श्रीकृष्णा देवरायालू, श्री चव्हाण रविन्द्र वसंतराव, श्री धैर्यशील संभाजीराव माणे, श्री मनीष जायसवाल, श्री चन्द्र प्रकाश चौधरी, श्री रवीन्द्र शुक्ला उर्फ रवि किशन, श्री खगेन मुर्मु, श्री लुम्बाराम चौधरी, श्री रोडमल नागर द्वारा दिनांक 16.03.2026 के लिए पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 3716 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध।

वर्ष 2023-24 और 2024-25 के दौरान आयोजित कश्मीरी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम:

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	2023-24		2024-25	
		आयोजित कार्यक्रमों की संख्या	प्रतिभागियों की संख्या	आयोजित कार्यक्रमों की संख्या	प्रतिभागियों की संख्या
1	आंध्र प्रदेश	1	110	1	117
2	असम	1	120		
3	बिहार	1	109	1	114
4	छत्तीसगढ़	राज्य में इस अवधि के दौरान कार्यक्रम आवंटित नहीं किया गया था		1	120
5	दिल्ली	1	120	2	229
6	गोवा			1	118
7	गुजरात	1	120	3	352
8	हरियाणा	1	114	2	225
9	हिमाचल प्रदेश	1	120		
10	झारखंड	1	110	2	224
11	कर्नाटक	1	112	1	120
12	केरल	राज्य में इस अवधि के दौरान कार्यक्रम आवंटित नहीं किया गया था		1	112
13	मध्य प्रदेश	1	112	1	109
14	महाराष्ट्र	इन राज्यों में इस अवधि के दौरान कार्यक्रम आवंटित नहीं किया गया था		1	109
15	ओडिशा			2	225
16	पंजाब			2	234
17	राजस्थान	1	120	3	350

18	तमिलनाडु	1	66	1	107
19	तेलंगाना	1	120	1	111
20	उत्तर प्रदेश	1	113	3	345
21	पश्चिम बंगाल	1	120	1	117
	कुल	**15**	**1686**	**30**	**3438**

अनुबंध-5

युवा आदान प्रदान कार्यक्रम के संबंध में लोक सभा के माननीय सदस्य श्री योगेन्द्र चांदोलिया श्री सुधीर गुप्ता, कैप्टन बृजेश चौटा, श्री जुगल किशोर, श्री लावू श्रीकृष्णा देवरायालू, श्री चव्हाण रविन्द्र वसंतराव, श्री धैर्यशील संभाजीराव माणे, श्री मनीष जायसवाल, श्री चन्द्र प्रकाश चौधरी, श्री रवीन्द्र शुक्ला उर्फ रवि किशन, श्री खगेन मुर्मु, श्री लुम्बाराम चौधरी, श्री रोडमल नागर द्वारा दिनांक 16.03.2026 के लिए पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 3716 के भाग (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान आंध्र प्रदेश राज्य सहित अंतर-जिला और अंतर-राज्य युवा आदान-प्रदान कार्यक्रमों के तहत किए गए वित्तीय आवंटन और व्यय का राज्य / संघ राज्य क्षेत्र - वार विवरण:

(लाख रु.)

राज्य	आवंटन	व्यय
आंध्र प्रदेश	23	22
अरुणाचल प्रदेश	15	15
असम	15	15
बिहार	30	29
छत्तीसगढ़	23	22
दिल्ली	8	8
गुजरात	34	32
हरियाणा	15	14
हिमाचल प्रदेश	23	17
जम्मू और कश्मीर	8	8
झारखंड	23	22
कर्नाटक	30	26
केरल	23	22
मध्य प्रदेश	30	29
महाराष्ट्र	38	36
मेघालय	8	8
मिज़ोरम	8	4
नागालैंड	8	8
ओडिशा	23	22
पंजाब	15	15
राजस्थान	37	37

सिक्किम	8	8
तमिलनाडु	23	18
तेलंगाना	15	15
त्रिपुरा	8	8
उत्तर प्रदेश	49	45
उत्तराखंड	15	15
पश्चिम बंगाल	23	22

नोट: रिपोर्ट किए गए व्यय अनंतिम और अलेखापरीक्षित है

*****